**Punjab Kaseri (21.08.2014)**

# विवि. के अनुशासन का पालन करें कर्मचारी

फरीदाबाद, (अंकुर,देवदत्त): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा विश्वविद्यालय में नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक ऑरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति ले0 जनरल (सेवानिवृत्त) के.एस यादव मुख्य अतिथि थे जबकि विश्वविद्यालय की कुल सचिव श्रीमती शिमला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कुलपति श्री यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृति पदों पर भर्ती के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा गया था, जिसके तहत गैर-शैक्षणिक वर्ग में काफी संख्या में कर्मचारियों की भर्ती की गई है। नवनियुक्त कर्मचारियों को निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कुलपति ने कहा कि कर्मचारी विश्वविद्यालय के अनुशासन का पालन करें और समय के पाबंद रहे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा ले रहे लगभग 3000 विद्यार्थियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रबंधन की है, जिसके लिए कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अपने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निवर्हन करें। विश्वविद्यालय की कुल सचिव श्रीमती शिमला ने अपने संबोधन में सभी नवनियुक्त कर्मचारियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वाईएमसीए संस्थान का एक पुराना इतिहास रहा है तथा इस संस्थान को एक विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने में कई लोगों ने अहम भूमिका रही है। वर्ष 2014 में एसोचैम द्वारा विश्वविद्यालय को श्रेष्ठ विश्वविद्यालय के पुरस्कार से सम्मानित किया गया और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विश्वविद्यालय ने 12(बी) दर्जा भी हासिल किया है। इस अवसर पर संदीप ग्रोवर, डॉ अरविंद गुप्ता, डॉ अंजू गुप्ता, प्रो राजकुमार, प्रो एम.एम अग्रवाल, प्रो पी.आर शर्मा, प्रो नरेश चौहान, प्रो नवदीप मल्होत्रा, सहायक प्रोफेसर भूपेन्द्र, उप कुल सचिव डॉ राजीव कुमार के अलावा कई अन्य संकाय विभागों के सहायक प्रोफेसर भी उपस्थित थे।



*आरिएंटेशन कार्यक्रम में नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ले. जनरल (सेवानिवृत्त) के.एस यादव, श्रीमती शिमला व अन्य।* *(छाया:अंकुर अग्रवाल)*

**Amar Ujala (04.09.2014)**

# प्रदूषित पानी को बनाया जाएगा पीने लायक

**जल शोधन और उपचार की संभावनाएं तलाशेगा भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, पानी के नमूने भेजे जाएंगे**

**परमाणु विज्ञान की नई तकनीक से लोगों को गंदे पानी से राहत दिलाई जाएगी**

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** शहर के जल शोधन और उपचार की संभावनाएं मुंबई स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) में तलाशी जाएंगी। इसके लिए यहां से पानी के नमूने भी बार्क में भेजे जाएंगे, जिससे परमाणु विज्ञान की नई तकनीक का इस्तेमाल कर यहां की आबादी को प्रदूषित पानी से राहत दिलाई जा सके।

यह निर्णय बुधवार को वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय सेमिनार 'परमाणु ऊर्जा: भविष्य की तैयारी' के समापन पर लिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को अनुसंधान के क्षेत्र में कैरियर की बेहतर संभावनाओं से भी रूबरू कराया गया।

मानविकी एवं व्यवहारिक विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित सेमिनार में 32 संस्थाओं से करीब एक हजार विद्यार्थी शामिल हुए। सेमिनार के समापन पर कुल सचिव डॉ. शिमला ने बार्क की जल उपचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों का जिक्र करते हुए शहर में भी जल शोधन एवं उपचार की संभावनाओं को तलाशने की मांग की। उन्होंने बताया कि बार्क ने समुद्री जल को पीने योग्य बनाने की जल शोधन प्रणाली विकसित की है, जो काफी कारगर साबित हुई है। इस विधि को आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान एवं तमिलनाडु में इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में इसका लाभ फरीदाबाद की जनता को भी मिले, इसके लिए पानी के नमूने भेजे जाएंगे, क्योंकि यहां का पानी काफी खराब है। इतना ही नहीं परमाणु विज्ञान में न्यूक्लियर रिएक्टर डिजाइन, सेफ्टी से लेकर कई अन्य विषय हैं जो इससे जुड़े हुए हैं। इसके अलावा चिकित्सा, शिक्षा, जलविज्ञान, कृषि और खाद्य परीक्षण के लिए भी परमाणु विज्ञान का प्रयोग काफी तेजी से किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे बार्क के परमाणु वैज्ञानिक दिवाकर माथुर ने कहा कि परमाणु विज्ञान से संबद्ध क्षेत्रों में विद्यार्थी बेहतर कैरियर तलाश सकते हैं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति पूर्व ले. जनरल केएस यादव ने बताया कि जल्द ही विद्यार्थियों का एक दल राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा निगम की किसी परियोजना का दौरा करेगा।

इस मौके पर मानविकी एवं व्यवहारिक विज्ञान विभाग के डीन एवं चेयरमैन डॉ. राज कुमार, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी विभाग के डीन संदीप ग्रोवर, डॉ. मनीषा, डॉ. दिव्य ज्योति, डॉ. अनुराधा, डॉ. अरविंद एवं भूपेंद्र आदि उपस्थित रहे।



वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में आयोजित सेमीनार मे अतिथियों ने छात्रों को परमाणु विज्ञान की जानकारी दी।

**Punjab Kesari (044.09.2014)**

# पानी नमूनें की जांच के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र भेजे जाएंगे

## 'परमाणु ऊर्जाः भविष्य की तैयारी' विषय पर सेमिनार का समापन

फरीदाबाद, (अंकुर अग्रवाल): वाई.एम.सी.ए. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा जिला फरीदाबाद से पानी के नमूनों को जांच के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बार्क), मुंबई में भेजा जायेगा ताकि परमाणु विज्ञान की नवीनतम तकनीकों के माध्यम से जल शोधन एवं उपचार की संभावनाओं का पता लगाया जा सके। इस आशय की जानकारी विश्वविद्यालय में 'परमाणु ऊर्जा: भविष्य की तैयारी' विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के दौरान दी गई। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन हो गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के मानविकी एवं व्यवहारिक विज्ञान विभाग द्वारा भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बार्क), मुंबई एवं भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम के सहयोग से परमाणु ऊर्जा विभाग की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्र व्यापी कार्यक्रमों के अंतर्गत किया गया था। सेमिनार के दूसरे दिन भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बार्क), मुंबई की ओर से दिवाकर माथुर ने परमाणु विज्ञान से संबद्ध क्षेत्रों, विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा विभाग में रोजगार के अवसरों को लेकर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री माथुर ने बताया कि परमाणु विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें अगर किसी विद्यार्थी ने फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ्स लेकर डिग्री प्राप्त की है, तो इस क्षेत्र में कदम रख सकता है। हालांकि परमाणु विज्ञान में अनुसंधान के लिए पीएचडी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि परमाणु विज्ञान में न्यूक्लियर रिएक्टर डिजाइन, सेफ्टी, से लेकर कई अन्य विषय हैं जो इससे जुड़े हुए है। इसके अलावा- चिकित्सा, शिक्षा, जलविज्ञान, कृषि और खाद्य परिरक्षण के लिए भी परमाणु विज्ञान का प्रयोग काफी तेजी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में देश का परमाणु ऊर्जा विभाग कैरियर के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। विभाग में इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से ग्रेजुएट या विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए कैरियर के बेहतरीन अवसर है। विभाग द्वारा वैज्ञानिक अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता है। इसके उपरांत उन्हें भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ट्रेनिंग स्कूल में परमाणु विज्ञान से संबद्ध विषयों पर दो वर्ष का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) के.एस. यादव ने सेमिनार के सफल आयोजन के लिए मानविकी एवं व्यवहारिक विज्ञान विभाग को बधाई दी तथा भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र की ओर से सेमिनार में विभिन्न विशेषज्ञ वैज्ञानिकों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी विभाग के डीन श्री संदीप ग्रोवर के अलावा अन्य संकाय सदस्यों में सेमिनार की संयोजक डॉ मनीशा, डॉ दिव्य ज्योति, डॉ अनुराधा, डॉ अरविंद तथा श्री भूपेन्द्र भी उपस्थित थे।



*वाई.एम.सी.ए. में विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बार्क), मुंबई के वैज्ञानिक श्री दिवाकर माथुर साथ में एसोसिएट प्रोफैसर डॉ अरविंद गुप्ता।* (छाया:अंकुर अग्रवाल)

**Hindustan Hindi (04.09.2014)**

# बार्क में होगी फरीदाबाद के भूजल की जांच

फरीदाबाद | अशोक कुमार

भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) में फरीदाबाद के भूजल की जांच होगी। परमाणु विज्ञान की नवीनतम तकनीक से यहां जलशोधन और इसके उपचार की संभावनाओं का पता लग सकेगा।

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जल्द की पानी के नमूने लेकर जांच के लिए बार्क भेजेंगे। बार्क के वैज्ञानिकों के सामने पेयजल की समस्या का मुद्दा उठाया गया तो इसके बाद फरीदाबाद के नमूनों की जांच के लिए बार्क भेजने का निर्णय लिया गया। जल्द ही छात्र व प्रोफेसरों का एक दल परमाणु ऊर्जा निगम की परियोजना का दौरा करेगा।

भविष्य की तैयारी विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में वैज्ञानिकों ने व्याख्यान किया। सेमिनार बार्क की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। वैज्ञानिकों ने कहा कि तमिलनाडु में भूजल खराब और गहराई तक हो चुका है। इस इलाके में परमाण ऊर्जा के अनुसंधान से समुद्री पानी को पेयजल तैयार किया गया। बार्क ने समुद्री पानी को पीने योग्य बनाने की अलवणीकरण (डिसेलिनेशन) प्रणाली और जल शोधन प्रणाली विकसित की है, जो सफल रही है। इसका प्रयोग आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान एवं तमिलनाडु में किया जा चुका है।

### वाईएमसीए का निर्णय

- चेन्नई में पेयजल की समस्या से निजात मिली
- सेमिनार में वैज्ञानिकों के सामने पेयजल की समस्या को उठाया

**Navbharat Times (05.09.2014)**

The newspaper clipping below is a reproduced article:

## एडमिशन शुरू

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद ने सामुदायिक कॉलेज में एक वर्ष के वेल्डिंग डिप्लोमा कोर्स के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो कि 20 सितम्बर, 2014 तक लिए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने बताया कि एक वर्ष के वेल्डिंग डिप्लोमा कोर्स में दाखिले के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास है।

## क्विज प्रतियोगिता

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के मानविकी एवं व्यवहारिक विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर, 2014 को इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद एवं आसपास के लगभग 15 कॉलेज हिस्सा लेंगे।

Dainik Bhaskar (05.09.2014

# वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के पांच छात्रों का होंडा में प्लेसमेंट

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्लेसमेंट अभियान के अंतर्गत मैकेनिक इंजीनियरिंग विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन कार निर्माता होंडा कंपनी नोएडा में हुआ है। कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव के अनुसार विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कुशल कार्यबल उपलब्ध कराने के अपने उद्देश्यों में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा प्लेसमेंट अभियान में सफलता हासिल करने से वंचित रहे विद्यार्थी भविष्य में प्लेसमेंट के अवसरों के लिए तैयार रहें। विश्वविद्यालय की कुल सचिव डा. शिमला ने आशा जताई कि वे भविष्य में और कड़ी मेहनत कर जीवन की बुलंदियों तक पहुंचेंगे। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. विक्रम सिंह के अनुसार चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा लगभग पांच लाख रुपए सालाना के पैकेज की पेशकश की गई है।

उन्होंने कहा प्लेसमेंट अभियान के दौरान सफल उम्मीदवारों का चयन कंपनी के अधिकारियों द्वारा ग्रुप डिस्कशन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है। इस चयन प्रक्रिया में कुल 67 पात्र विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। डा. सिंह के अनुसार उम्मीद है प्लेसमेंट अभियान के दौरान सभी पात्र विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में 10 से 12 सितम्बर तक टीसीएस कंपनी द्वारा प्लेसमेंट कैंप लगाया जाएगा।

)

**Amar Ujala (05.09.2014)**

# कंपनी ने वाईएमसीए के पांच छात्रों को दी नौकरी

## पांच लाख रुपये सालाना वेतन की पेशकश की गई

**फरीदाबाद (ब्यूरो)।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा चलाये जा रहे प्लेसमेंट अभियान के अंतर्गत मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कार निर्माता कंपनी होंडा कार्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा में हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति केएस यादवा व कुल सचिव डॉ. शिमला ने चयनित विद्याथियों का उत्साहवर्धन किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कुशल कार्यबल उपलब्ध करवाने के अपने उद्देश्यों में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेसमेंट अभियान में सफलता हासिल करने से वंचित रहे विद्यार्थी भविष्य में प्लेसमेंट के अवसरों के लिए तैयार रहें।

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा लगभग पांच लाख रुपये सालाना के पैकेज की पेशकश की गई है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट अभियान के दौरान सफल उम्मीदवारों का चयन कंपनी के अधिकारियों द्वारा ग्रुप डिस्कशन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है।

**Hindustan Hindi (05.09.2014)**

# वाईएमसीए के पांच छात्रों का होंडा में हुआ चयन

**बल्लभगढ़।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्ववविालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्लेसमेंट अभियान के अंतर्गत मैकेनिक इंजीनियरिंग विभाग के पांच छात्रों का चयन कार निर्माता कंपनी होंडा कार्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा में हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति ले जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव ने चयनित छात्रों को बधाई दी। रजिस्ट्रार डॉ. शिमला ने कहा कि चयनित छात्र यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करेंगे। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि चयनित छात्रों को लगभग पांच लाख रुपये सालाना के पैकेज की पेशकश की गई है। सभी चयनित छात्र 2015 बैच के हैं। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट अभियान के दौरान सफल उम्मीदवारों का चयन कंपनी के अधिकारियों द्वारा ग्रुप डिस्कशन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से किया गया है। चयन प्रक्रिया में 67 पात्र छात्रों ने हिस्सा लिया था।

उन्होंने बताया कि इस पहले इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन तथा कंप्यूटर्स संकायों के दो छात्रों का चयन 6.23 लाख सालाना के पैकेज पर थोटवर्क्स टैक्नोलॉजीज़ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में 10 से 12 सितम्बर, 2014 तक टीसीएस कंपनी द्वारा भी एक प्लेसमेंट कैंप लगाया जाएगा।

**Punjab Kesari (06.09.2014)**

# शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं : यादव



वाई.एम.सी.ए. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति के. एस. यादव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए।(छाया: डकोरिया)

फरीदाबाद(देवदत्त डकोरिया): वाई.एम.सी.ए. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के मानविकी एवं व्यवहारिक विज्ञान विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) के. एस. यादव ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। शिक्षक दिवस पर प्रसिद्ध विचारक, शिक्षाविद् एवं देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुलपति श्री यादव ने कहा कि अध्यापन एक महान कार्य है और शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने शिक्षक वर्ग से आह्वान किया कि वे अपने अनुभव, कौशल तथा योग्यता का उपयोग समाज के हित में करें। विज्ञान पर आधारित इस प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 12 कालेजों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। भौतिकी, रसायन, गणित तथा जैव विज्ञान जैसे विषयों आधारित इस प्रतियोगिता में कुल पांच चरण आयोजित किये गये, जिनमें पहले चार चरणों में प्रतिभागियों के सामान्य ज्ञान एवं कौशल की परीक्षा ली गई जबकि अंतिम चरण रैपिड फायर (तेजी से प्रश्नोत्तर) था। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार सरस्वती महिला कालेज, पलवल की पारुल, रश्मी तथा ऋतिका ने जीता। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप 5000 रुपये का नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई जबकि 3000 रुपये नकद और ट्रॉफी के दूसरा पुरस्कार को के.एल. मेहता दयानंद कालेज फार वुमैन, फरीदबाद की भावना, स्वतंत्रा और ज्योति डागर ने जीता। प्रतियोगिता में तीसरा स्थान एल.सी. कालेज, पलवल के अंकित सिंह, राहुल डागर तथा भुवन कुमार ने हासिल किया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप 2000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई।

**Dainik Jagran (10.09.2014)**

# वाइएमसीए विज्ञान की कुलसचिव कार्यमुक्त

**जासं, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. शिमला अपनी सेवाओं से कार्यमुक्त हो गई। वे अब लोकसभा सचिवालय, नई दिल्ली में निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। डा. शिमला ने 17 अप्रैल, 2012 को प्रतिनियुक्त आधार पर विश्वविद्यालय में कुल सचिव का कार्यभार संभाला था। वह विश्वविद्यालय की वर्ष 2009 में स्थापना के बाद पहली कुल सचिव नियुक्त हुई थीं। डा शिमला के कार्यमुक्त हो जाने के बाद डीन आफ फैकल्टी डा.संदीप ग्रोवर कार्यकारी कुलसचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे। विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ द्वारा एक कुशल प्रशासक एवं कुल सचिव के रूप में डा. शिमला की उत्कृष्ट सेवाओं को सम्मान देते हुए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ले.जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव भी उपस्थित थे।

**Hindustan Hindi (10.09.2014)**

# युवा

## रजिस्ट्रार पहुंची लोस सचिवालय

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ. शिमला सेवाओं से कार्यमुक्त हो गईं। अब वे लोकसभा सचिवालय नई दिल्ली में निदेशक (इंटरप्रिटेशन) के रूप में सेवाएं देंगी। डॉ शिमला ने 17 अप्रैल 2012 को प्रतिनियुक्त आधार पर विश्वविद्यालय में कुलसचिव का कार्यभार संभाला था। वे वर्ष 2009 में स्थापना के बाद पहली कुलसचिव नियुक्त हुई थीं। डॉ शिमला के कार्यमुक्त होने के बाद डीन ऑफ फैकल्टी डॉ. संदीप ग्रोवर कार्यकारी कुल सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

कर्मचारी संघ ने डॉ शिमला का विदाई समारोह का आयोजन किया। इसमें कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव ने कहा कि करीब ढाई वर्ष के कार्यकाल में प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर किया। डॉ शिमला मार्च 2015 तक सेवाएं दे सकती थी लेकिन मूल संस्थान के प्रति प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें जाना पड़ रहा है।

**Punjab Kesari (10.09.2014)**



*विदाई समारोह के दौरान डॉ शिमला के साथ के.एस. यादव ।*
*(छाया:अंकुर अग्रवाल)*

# विदाई समारोह का आयोजन

फरीदाबाद, (अंकुर अग्रवाल): वाई.एम.सी.ए. फरीदाबाद की कुल सचिव डॉ शिमला अपनी सेवाओं से कार्यमुक्त हो गई। वे अब लोकसभा सचिवालय, नई दिल्ली में निदेशक (इंटरप्रिटेशन) के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। डॉ शिमला के कार्यमुक्त हो जाने के बाद डीन ऑफ फैकल्टी डॉ संदीप ग्रोवर कार्यकारी कुल सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे। विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ द्वारा एक कुशल प्रशासक एवं कुल सचिव के रूप में डॉ शिमला की उत्कृष्ट सेवाओं को सम्मान देते हुए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) के.एस. यादव भी उपस्थित थे। श्री यादव ने कहा कि डॉ शिमला की विश्वविद्यालय के नियमों एवं विनियमों को तैयार करने में अहम भूमिका रही है और उनकी सेवाओं के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। उन्होंने डॉ शिमला को पुष्पगुच्छ तथा एक शॉल भी भेंट की। अपने विदाई भाषण में डॉ शिमला ने अपने कार्यकाल में विश्वविद्यालय द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी विभागों डीन, चेयरपर्सन, शाखाओं के प्रमुख तथा काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

**Dainik Jagran (16.09.2014)**

# वाईएमसीए के 140 छात्रों को टीसीएस में मिली नौकरी

- इंजीनियरिंग के 396 विद्यार्थियों ने चयन प्रक्रिया मे भाग लिया
- विवि पर विश्वास जताते हुए काफी संख्या में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट दिया

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : देश की शीर्ष आईटी कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद से 140 इंजीनियरिंग विद्यार्थियों का चयन किया है। ये सभी विद्यार्थी वर्तमान शैक्षणिक सत्र के है।

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. विक्रम सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में टीसीएस की 45 सदस्यीय टीम द्वारा आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया में विद्यार्थियों का चयन ग्रुप डिस्कशन, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। चयन प्रक्रिया में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी विषय के कुल 396 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 140 का चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों में से 113 विद्यार्थी अंडर ग्रेजुएट तथा 27 विद्यार्थी पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों से है।

डा. सिंह ने बताया कि देश की सबसे बड़ी साफ्टवेयर सेवा प्रदाता कंपनी टीसीएस विश्वविद्यालय के लिए हमेशा से प्रमुख कंपनी रही है और विद्यार्थियों को प्लेसमेंट देने में भी अग्रणी है। उन्होंने विश्वविद्यालय पर लगातार विश्वास जताते हुए काफी संख्या में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट देने के लिए टीसीएस कंपनी का आभार जताया। उन्होंने चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले अधिकारियों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग को कंपनियों से काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट अभियान के दौरान आगामी दिनों में कैंपस प्लेसमेंट के लिए लगभग एक दर्जन से अधिक कंपनियों के विश्वविद्यालय आने की योजना है। इससे पूर्व इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन और कंप्यूटर संकायों के दो विद्यार्थियों और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के पांच विद्यार्थियों का चयन क्रमशः थोटवर्क्स टेक्नोलाजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और होंडा कार्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा कंपनियों में हो चुका है।



यह विवि में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। उम्मीद है कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। एक शिक्षण संस्थान के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि होती है कि उसमें पढ़ने वाले सभी छात्रों को उनके मन मुताबिक सफलता मिले।

–ले. जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव, कुलपति वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

## वाईएमसीए का स्थापना दिवस आज

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के स्थापना दिवस के मोके पर मंगलवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के रूप में इसकी स्थापना 16 सितंबर, 2009 को राज्य सरकार द्वारा अधिनियम पारित कर की गई थी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के सभागार तथा मैदान पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में 25 वर्षों की सेवा अवधि पूरी करने वाले कर्मचारियों, विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र के पीएचडी धारकों को सम्मानित करने की योजना है। इसके अलावा, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा एक विशेषज्ञ व्याख्यान का भी आयोजन करवाया जा रहा है। इस व्याख्यान मे इंफोसिस के वाइस प्रेजीडेंट सुब्रत कुमार पती मुख्य वक्ता रहेंगे। स्थापना दिवस समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव, सभी डीन, चेयरपर्सन, विभागाध्यक्ष तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

**Hindustan Hindi (16.09.2014)**

# टीसीएस में 140 छात्रों को नौकरी

**बल्लभगढ़।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 140 छात्रों का कैंपस चयन आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने किया है। सभी छात्र चालू सत्र के हैं।

यूनिवर्सिटी के कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव ने चयनित छात्र और उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ अच्छे तालमेल व संबंधों के चलते ही टीसीएस जैसी कंपनी दस साल से यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट के लिए आ रही है। चयन प्रक्रिया में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी विषय के 396 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 140 का चयन हुआ। चयनित छात्रों में से 113 अंडर ग्रेजुएट व 27 पीजी पाठ्यक्रमों से है।

**Amar Ujala (17.09.2014)**

# फाउंडेशन डे पर किया धमाल

## वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने मनाया पांचवां स्थापना दिवस

अमर उजाला ब्यूरो



स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विश्वविद्यालय में मंगलवार को धूमधाम से पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ ही विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की मैगजीन का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वाइस चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल केएस यादव ने किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों से रंग जमाया। गीत-संगीत की धुनों से सजे कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों को भी पेश किया गया। इसके अलावा स्टॉल्स लगाए गए। जहां विभिन्न विषय संबंधी जानकारी भी लोगों को मुहैया कराई गई। झलक क्लब की ओर से मंच पर डाक्यूमेंट्री के जरिए विश्वविद्यालय के सफर को दर्शाया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को दिल खोलकर अपने हुनर को निखारने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे इंफोसिस के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट सुब्रत कुमार पति ने कहा कि वक्त काफी चुनौतियों से भरा है। यहां वही सफल है जो समय के साथ कदमताल कर रहा है। ऐसे में खुद को पढ़ाई के साथ ही हर फन में माहिर होना चाहिए। इस दौरान आईटी के विद्यार्थी अक्षित और राजा सिंगला द्वारा डिजाइन की गई मैगजीन के टाइटल 'दर्पण' की भी घोषणा की गई। इस मौके पर डा. संदीप ग्रोवर, पीआर शर्मा, डा. शैलजा, साक्षी, अंजू गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

**Punjab Kaseri (17.09.2014)**

# वाईएमसीए ने मनाया 5वां स्थापना दिवस



पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) के. एस. यादव। (छाया:राकेश देव)

फरीदाबाद,(राकेश,अंकुर): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा आज अपना पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न कला एवं सांस्कृतिक क्लबों द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) के. एस. यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि इंफोसिस कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रेजीडेंट श्री सुब्रत कुमार पाती समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे। अपने स्वागतीय भाषण में कुलपति श्री यादव ने विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस समारोह किसी भी संस्थान के लिए एक मील का पत्थर होता है। इस संस्थान ने 1969 में एक इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में शुरूआत की थी और आज यह एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का रूप ले चुका है। इस विश्वविद्यालय के कम समय में काफी उपलब्धियां हासिल की है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कुलपति ने संस्थान में अपनी 25 वर्षों की सेवा पूरी करने पर श्री बिशन सिंह को स्मृति चिह्न प्रदान किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक सत्र के दौरान पीएचडी करने वाले छह संकाय सदस्यों तथा विश्वविद्यालय में विभिन्न क्लबों का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले समन्वयकों को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री सुब्रत कुमार पाती ने देश में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावनाओं पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि देश को आज नवीनतम सोच और खोज करने की है, जिसके लिए हमें बौद्धिक संपदा का सृजन करना है और वाईएमसीए जैसे संस्थान इसमें अहम भूमिका निभा सकते है। उन्होंने स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। डीन ऑफ फैकल्टी श्री संदीप ग्रोवर तथा डीन आफ स्टूडेंट वेलफेयर डॉ पी आर शर्मा ने श्री पाती को स्मृति चिह्न भेंट किया। विश्वविद्यालय में सम्मानित होने वाले पीएचडी धारकों में डॉ शैलजा, डॉ साक्षी बांगा, डॉ अंजू गुप्ता, डॉ हरि ओम, डॉ रश्मि अग्रवाल तथा डॉ पायल शामिल हैं।

सम्मानित होने वाले विभिन्न क्लब समन्वयकों में डॉ पी आर शर्मा, कल्चरल क्लब की अध्यक्ष श्रीमती पूनम सिंघाल, टेक्निकल क्लब के अध्यक्ष डॉ आशुतोष दीक्षित, न्यूजलैटर के प्रमुख संपादक डॉ नरेश चौहान, खेल प्रभारी डॉ भास्कर नागर, डॉ वासुदेव मलहोत्रा, श्रीमती मानवी, नटराज क्लब की समन्वयक श्रीमती असलेशा, तरन्नुम क्लब की समन्वयक श्रीमती श्रुति मित्तल, सृजन क्लब की समन्वयक डॉ सोनिया, विविध व झलक क्लब की समन्वयक डॉ दिव्य ज्योति, माइक्रो बर्ड क्लब के समन्वयक डॉ प्रदीप, समर्पण क्लब के श्री ललित राय, माइक्रोनेक्सट क्लब के समन्वयक डॉ हरिओम, आईईईई के समन्वयक डॉ मनीष वशिष्ट तथा एसएई क्लब के समन्वयक डॉ नवदीप मल्होत्रा शामिल हैं।

**Navbharat Times (17.09.2014)**

# स्थापना दिवस

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में मंगलवार को यूनिवर्सिटी का पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया। यूनिवर्सिटी के विभिन्न कला एवं सांस्कृतिक क्लबों द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) के. एस. यादव ने शिरकत की, जबकि इन्फोसिस कंपनी के असोसिएट वाइस प्रेजिडेंट सुब्रत कुमार पाती मौजूद रहे।

**Dainik Jagran (04.11.2014)**

# विद्यार्थियों ने किया जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद की ओर से 'द जाय आफ गिविंग' (दान उत्सव) का आयोजन किया गया है। यह उत्सव सोमवार से शुरू हुआ और बुधवार तक चलेगा। इसका उद्देश्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित अनाथ व जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। सोमवार को विश्वविद्यालय के लाल चौक पर एक नुक्कड़-नाटक से इसकी शुरुआत हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नाटक प्रस्तुति के माध्यम से दान देने के सुख व महत्व पर प्रकाश डाला तथा लोगों को जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव ने बताया कि यह लगातार दूसरा वर्ष है जब विश्वविद्यालय 'द जॉय आफ गिविंग' मना रहा है। इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय ने एक सामाजिक दायित्व के रूप में लिया है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार की भावना पैदा करना है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. संदीप ग्रोवर ने बताया कि तीन दिवसीय उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा घरेलू उपयोग की जरूरी वस्तुओं को एकत्रित किया जायेगा, जिसमें पुराने या नये कपड़े, जूते, बर्तन, किताबें और रोजमर्रा का अन्य समान शामिल हैं। एकत्रित होने वाली ऐसी वस्तुओं को अनाथालयों और वृद्धाश्रमों को भेंट किया जाएगा। मानविकी व व्यवहारिक विज्ञान विभाग के डीन प्रो. राज कुमार के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन मानविकी व व्यवहारिक विज्ञान विभाग द्वारा डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पीआर शर्मा की देखरेख में किया जा रहा है, जिसका संचालन डा. सोनिया बंसल कर रही है। कुलपति यादव बघोला, पलवल के 'आंचल छाया' अनाथालय में बच्चों को स्कूली बैग और मिठाइयां भेंट करेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा एकत्र वस्तुओं को 5 नवंबर को अनाथालयों और वृद्धाश्रमों को भेंट किया जाएगा।



वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा 'द जाय आफ गिविंग' के अवसर पर प्रस्तुत नुक्कड़-नाटक का दृश्य।

**Punjab Kesari (06.11.2014)**

# रक्तदान शिविर का आयोजन

फरीदाबाद,(राकेश,अंकुर): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा आज रैड क्रॉस सोसाइटी और रोटरी क्लब के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।





रक्तदान शिविर सुबह से शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ कुलसचिव डॉ संदीप ग्रोवर ने किया तथा रैड क्रॉस के चिकित्सा दल का स्वागत किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयरए डॉ पी आर शर्मा चेयरमैन मैकेनिकल डॉ एम एल अग्रवाल तथा अन्य संकायों के सदस्य उपस्थित थे। कुलसचिव श्री ग्रोवर ने कहा कि रक्तदान शिविर में हिस्सा लेना अपने आप में शिक्षा का हिस्सा हैए जो देने के सुखष् की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देना है। विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने के महत्व पर बल देते हुए श्री ग्रोवर ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित्न किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ पी आर शर्मा ने रक्तदान शिविर के सफल संचालन एवं सहयोग के लिए सभी विद्यार्थियों, स्टॉफ रोटरी क्लब तथा रैड क्रॉस सोसाइटी की टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कियुवाओं को ऐसी नेक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में हिस्सा लेने चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलपति ले जनरल सेवानिवृत्त के एस यादव ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को सामाजिक के प्रति अपने दायित्वों को समझने और निर्णय लेने की प्रेरणा मिलती है। शिविर के संचालक एवं यूथ रैड क्रॉस के समन्वयक डॉ वासुदेव मल्होत्रा ने बताया कि रक्तदान शिविर में लगभग 250 से अधिक विद्यार्थियों, कर्मचारियों व संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया और स्वैच्छिक रक्तदान किया।

**Punjab Kesari (24.12.2014)**

# तेरह केंद्रों पर होगी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा

- परीक्षा के सफल संचालन के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को जिम्मा
- 95 विषयों के लिए आयोजित होगी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा



**फरीदाबाद,** 24 दिसम्बर (देशबन्धु)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद में 28 दिसम्बर को होने वाली यूजीसी-नेट की परीक्षा के लिए संयोजक केन्द्र होगा और परीक्षा के सफल संचालन के लिए इस संयोजक केन्द्र के अधीन जिला फरीदाबाद में 13 उप केन्द्रों की स्थापना की गई हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए परीक्षा संयोजक प्रो. राज कुमार ने बताया कि वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद संयोजक केन्द्र पर कुल 4460 परीक्षार्थियों ने विभिन्न विषयों के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लगभग 95 विषयों के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में वाईएमसीए विश्वविद्यालय संयोजक केन्द्र पर अभ्यार्थियों ने 72 विषयों के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के संचालन के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय परिसर में दो परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए है। इसके अलावा, अन्य केन्द्रों में गीता बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-3ई, एनआईटी, फरीदाबाद, डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-9, फरीदाबाद, सेंट जोन्स स्कूल, सेक्टर-7 ब्लॉक-ए, फरीदाबाद, केएल मेहता दयानंद पब्लिक स्कूल, नेहरू ग्राउंड नम्बर-1, एनआईटी, फरीदाबाद, केएल मेहता दयानंद हाई स्कूल, सेक्टर-17, फरीदाबाद, केएल मेहता दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 सी, फरीदाबाद, अग्रवाल कालेज, विंग-1 बगभगढ़, अग्रवाल कालेज, विंग-3 बल्लभगढ़, टैगोर अकादमी पब्लिक स्कूल विंग-1, सेक्टर-3, बगभगढ़, टैगोर अकादमी पब्लिक स्कूल विंग-2, सेक्टर-3, बगभगढ़ तथा द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, सेक्टर-23ए, फरीदाबाद शामिल हैं।